प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 18 जून 2024 समय 1305

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी कर रहे हैं। अब तक 11 करोड से अधिक पात्र किसान परिवार प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन लाख चार हजार करोड रूपये से अधिक का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सखी के रूप में स्व-सहायता समूहों की तीस हजार से अधिक महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। प्रमाण पत्र वितरण का यह कार्यक्रम "लखपति दीदी" कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप है।

श्री मोदी वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन में भाग लेंगे। आकाशवाणी संवाददाता ने खबर दी है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी का यह पहला वाराणसी दौरा है। प्रधानमंत्री ने किसान कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाते हुए तीसरी बार पद सँभालने के बाद जिस पहली फाइल पर हस्ताक्षर किये हैं वो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने संबंधी थी ।

....

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सिरसा लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने ने कहा कि नीट परीक्षा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं ऐसे में केंद्र सरकार को नए सिरे से नीट की परीक्षा लेनी चाहिए ।

मीडिया को जारी एक बयान नव निर्वाचित लोकसभा सांसद ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 620 से 720 के बीच अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 13 से 15 हजार के बीच रहती थी, लेकिन इस बार यह पांच गुणा तक बढ़ गई है जिससे प्रश्न उठ रहे हैं ।

कुमारी सैलजा ने कहा कि परीक्षार्थियों को मनचाहा केंद्र देने के मामले में गुजरात पुलिस ने अभी तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 2 करोड़ 30 लाख रुपये के चेक मिले हैं। बिहार पुलिस ने पेपर लीक मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस को जले हुए नीट पेपर भी मिले हैं , लेकिन एनटीए इस बात को मानने से इंकार कर रहा है।

....

हरियाणा में आज निर्जला एकादशी का पर्व बहुत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। निर्जला एकादशी पर लोग पंखे फल, जल आदि का दान करते है और बिना जल ग्रहण किए व्रत रखते है ! अंबाला में धार्मिक आस्था रखने वालों लोगों ने सुबह से ही मुख्य मार्गों, बाजारों एवं मुहल्लों में अपने-अपने घरों के बाहर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई । अंबाला में सनातन धर्म मंदिर की और से दूध की छबील लगाई गई ।हमारे संवाददृता ने बताया है कि छबीलों में आवाजाही कर रहे लोगों के वाहन रुकवा कर अपार श्रद्धा के साथ मीठा जल और शीतल दूध आदि पिलाया जा रहा है । मंदिर के पुजारी बुद्धि त्रिपाठी ने बताया कि आज दूध की छबील के बाद लस्सी , मीठे पानी की छबील तथा भंडारे लगाए जा रहे है !

....

फरीदाबाद में निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में आहार फाउंडेशन ट्रस्ट ने अपने निरंतर समाजसेवा के प्रयासों के तहत सेक्टर-नौ और दस के विभाज्य मार्ग पर हर आने-जाने वाले राहगीरों को छाछ और केले वितरित किए। उधर, मारवाड़ी युवा मंच और महेश्वरी सेवा ट्रस्ट ने भी बी के चौक पर ठंडाई और मिष्टि जल का वितरण किया।

....

भारत विकास परिषद द्वारा कल भिवानी में सांस्कृतिक सप्ताह का आगाज किया गया, जो कि 23 जून तक जारी रहेगा। इसके तहत भिवानी में नि:शुल्क रक्त, मधुमेह व रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 71 किशोरियों व महिलाओ की जांच की गई। इस दौरान 9 ग्राम से कम रक्त वाली किशोरियो एवं महिलाओ को आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियां तथा चने वितरित किए।